प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की, देश के नागरिकों से इस अभियान को यादगार और जन आंदोलन बनाने का किया आह्वान।
- टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, पीएमएलए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा।
- राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव का किया शुभारंभ, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासी समुदाय के संरक्षण के प्रति जतायी प्रतिबद्धता।
- मौसम विभाग ने रांची समेत पूरे राज्य में कल से 14 अगस्त तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का जताया अनुमान।
- दिल्ली में तिरसठवीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप की अंडर–17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने अरुणाचल प्रदेश को 13–0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस 2024 से पहले आज हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। श्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर की जगह तिरंगे की तस्वीर लगाकर 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान को यादगार और जन–आंदोलन बनाने में अपनी भूमिका निभायें। इधर हजारीबाग में आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई। भाजपा नेता अभिमन्यु प्रसाद ने लोगों से अपने घर, दफ्तर और सोशल मीडिया एकाउंट में तिरंगा लगाने की अपील की।

****

टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के मुख्य आरोपी ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। आज बहस के दौरान विशेष लोक अभियोजक ने आलमगीर आलम को पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड बताया और जमानत याचिका का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीएमएलए मामलों के स्पेशल कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

****

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने रांची में दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह दिवस आदिवासियों की संस्कृति का उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करता है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के विकास को लेकर राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के संरक्षण के लिए सरकार प्रयासरत है।

****

झारखंड में विश्व आदिवासी दिवस धूम–धाम से मनाया जा रहा है। जामताड़ा जिला समाहरणालय में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा आदिवासियों की परंपरा रही है। प्रारंभ से ही आदिवासी समुदाय आजादी की लड़ाई में आगे रहे।

इस दौरान आदिवासी लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां एवं भूमि पट्टा का भी वितरण किया गया। वहीं चतरा में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर मंत्री सत्यानंद भोगता सदर प्रखंड के सरना टोंगरी पकरिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से आदिवासी समुदाय के लाभुकों के बीच वन पट्टा का वितरण किया। इधर जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने हक एवं अधिकार के लिए जागरूक होने पर जोर दिया।

वहीं हजारीबाग के सरहुल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आदिवासी समाज को उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए आदिवासी दिवस मनाया जाता है।

गोड्डा जिले में भी विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जगह– जगह कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

उधर पाकुड जिले में संथाल परगना हूल समिति के कार्यक्रम में समेकित जनजाति विकास अभिकरण के निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ प्रवीण केरकेट्टा, बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू, समिति के अध्यक्ष विकास गौंड शामिल हुए। उन्होंने आदिवासियों की एकजुटता पर बल दिया।

****

साहेबगंज जिले में विश्व आदिवासी दिवस पर आज उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग और जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया।

****

झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय प्रसाद ने आज पाकुड़ में व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारियों से वादों के निपटारों की जानकारी ली। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से वादों के निपटारे में प्रशासनिक मदद की सराहना की। उन्होंने विटनेस शेड का भी शुभारंभ किया।

****

साइबर अपराध इन दिनों आम आदमी सहित पुलिस के लिए भी सिरदर्द बना हुआ है। बोकारो इस्पात नगर में साइबर थाना खोले जाने से लोगो में खुशी देखी जा रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

मौसम विज्ञान केंद्र ने रांची समेत पूरे राज्य में कल से 14 अगस्त तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है। गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

****

दिल्ली में चल रही तिरसठवीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप की सत्रह आयु वर्ग की बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने जीत की हैट्रिक लगाते हुए अरुणाचल प्रदेश को 13–0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। झारखंड की ओर से चांदनी कुमारी ने सर्वाधिक चार गोल किया।

*******समाप्त*******